
## सरदार पटेल विवि में कार्यक्रम

# आईआईटी बॉम्बे के साथ स्पोकन ट्यूटोरियल ओरियंटेशन का आयोजन

बालाघाट. सरदार पटेल विश्वविद्यालय में कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आईआईटी बॉम्बे के साथ स्पोकन ट्यूटोरियल ओरियंटेशन सेशन का गूगल मीट के माध्यम से आयोजन हुआ। यह छात्रों के बीच डिजिटल लर्निंग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेशन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तहत छात्रों और संकाय सदस्यों को ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों के आईसीटी टूल्स, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से स्पोकन ट्यूटोरियल प्लेटफॉर्म का अवलोकन, ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके स्व-शिक्षण के लाभ, कौशल विकास और प्रमाणन के अवसर एवं विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के साथ ट्यूटोरियल का एकीकरण कराना है।

ओरिएंटेशन सेशन में सभी स्कूल के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक स्टाफ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और व्यावहारिक डिजिटल कौशल के साथ अकादमिक सीखने को पूरक बनाने की पहल की क्षमता की सराहना की। इसी परिक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, स्पोकन ट्यूटोरियल मॉड्यूल को नियमित पाठ्यक्रम में एकीकृत करने की योजना बना रहा है, जिससे छात्र प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस, आईटी टूल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर, फार्मेसी, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट और अन्य जैसे क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त प्रमाणन प्राप्त कर सकें।



# स्टूडेंट्स को कौशल विकास के मिले टिप्स

सिटी भास्कर | बालाघाट

सरदार पटेल विश्वविद्यालय में कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आईआईटी मुंबई के साथ स्पोकन ट्यूटोरियल ओरियंटेशन सेशन का गूगल मीट के माध्यम से आयोजन किया गया, जो छात्रों के बीच डिजिटल लर्निंग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेशन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तहत छात्रों और संकाय सदस्यों को ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों के आईसीटी टूल्स, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से स्पोकन ट्यूटोरियल प्लेटफार्म का अवलोकन, ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके स्व-शिक्षण के लाभ, कौशल विकास और प्रमाणन के अवसर एवं विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के साथ ट्यूटोरियल का एकीकरण कराना है। इस ओरिएंटेशन सेशन में सभी स्कूल के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक स्टॉफ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और व्यावहारिक डिजिटल कौशल के साथ अकादमिक सीखने को पूरक बनाने की पहल की क्षमता की सराहना की।

**पाठ्यक्रम में एकीकृत करने की योजना** ▪ इसी परिक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, स्पोकन ट्यूटोरियल मॉड्यूल को नियमित पाठ्यक्रम में एकीकृत करने की योजना बना रहा है, जिससे छात्र प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस, आईटी टूल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर, फार्मेसी, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट और अन्य जैसे क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त प्रमाणन प्राप्त कर सकें। इस सत्र का नेतृत्व बॉम्बे से स्पोकन ट्यूटोरियल टीम की श्रीमती चित्रा आर. गौड़ा एवं सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से डॉ प्रेम कुशवाहा ने मिलकर किया, जिन्होंने उपस्थित लोगों को पंजीकरण, पाठ्यक्रम तक पहुंच और प्रमाणन प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया।

**स्टूडेंट्स को किया प्रेरित** ▪ कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ बिपलब पॉल ने छात्रों को भविष्य के लिए स्किल ओरिएंटेड कोर्सेज को करने हेतु प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति वीरेश्वर सिंह, कुल सचिव डॉ. स्वाति जायसवाल, कार्यकारी निदेशक डॉ. मंजीत सिंह, परीक्षा नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह, डॉ सीपी कुशवाहा, डॉ. मनोज वर्मा एवं प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने इस स्पोकन ट्यूटोरियल ओरियंटेशन के आयोजन की सराहना की।